हम जैसे दीनों का आधार

खाटू वाला है हम जैसे,
दीनों का आधार,
आंसू आँखों के पोंछे,
आंसू आँखों के पोंछे,
करता है प्यार,
खाटू वाला है हम जैसे,
दीनों का आधार।

चलते चलते जब गिर जाता हूँ,
बाँह पकड़ के मुझे उठाता है,
मेरा होकर क्यों घबराता है,
ऐसा कहकर धीर बँधाता है,
अपनों से ज्यादा चिंता,
अपनों से ज्यादा चिंता,
करता दुलार,
खाटू वाला है हम जैसे,
दीनों का आधार।

दुखियों के दुख करता है ये दूर,
प्यार लुटाता प्रेमियों पे भरपूर,
हार भगत की, इनको नामंजूर,
इसीलिए हैं दुनियां में मशहूर,
हारे का साथी बन के,
नैया का माझी बन के,
करता उद्धार,
खाटू वाला है हम जैसे,
दीनों का आधार।

जबसे श्याम ने थामा मेरा हाथ,
कोई ना रहता ये रहता है साथ,
जीवन में खुशिया ही खुशिया हैं,
बन जाती है बिगड़ी हुई हर बात,
मोहित इस जग की अब ना,
मोहित इस जग की अब ना,
मुझको दरकार,
खाटू वाला है हम जैसे,
दीनों का आधार।

खाटू वाला है हम जैसे,
दीनों का आधार,
आँसू आँखों के पोंछे,
आँसू आँखों के पोंछे,

करता है प्यार,
खाटू वाला है हम जैसे,
दीनों का आधार।

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23785/title/hum-jaise-deeno-ka-aadhar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |